एक नजर

माकड़वाली क्षेत्र के कॉलोनी वासियों ने किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

अजमेर. कासं। माकड़वाली क्षेत्र की कॉलोनी वासियों ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और जिला कलेक्टर लोक बंधु को ज्ञापन सौंप कर माकड़वाली रोड में आने वाली कॉलोनियों को नगर निगम की सीमा में शामिल करने की मांग की। कलेक्टर लोक बंधु को सौंपे ज्ञापन क्षेत्रवासियों ने बताया कि वर्तमान में अजमेर नगर निगम की सीमाओं का विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार किया जा रहा है। लंबे समय से माकड़वाली क्षेत्र कॉलोनी को नगर निगम की सीमा में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन माकड़वाली क्षेत्र को नगर निगम परिधि में शामिल नहीं किया गया है। क्षेत्र में वार्ड संख्या 78 में स्थित भैरूवाड़ा चौराहे से मात्र 200 मीटर की दूरी में स्थित है। सभी कालोनियां अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित है, मकानों के पट्टे अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत है। इन सभी क्षेत्रों की आबादी तकरीबन एक हजार की आबादी निवास करती है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह क्षेत्र नवनिर्मित नगर निगम भवन से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के बावजूद भी नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर है।

भजनों के माध्यम से की जा रही प्रभु की भक्ति

अजमेर. कासं। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग अजमेर के तत्वाधान में भगवान आदिनाथ की जयंती से भगवान महावीर स्वामी की जयंती की पूर्व संध्या तक चल रहे घर-घर मंगलाचार का कार्यक्रम की कड़ी में मंगलवार को भजन कार्यक्रम का आयोजन भक्ति भाव से किया। समिति की वरिष्ठ सदस्य नवल छाबडा ने बताया कि मंगलवार को पंचशील जैन मंदिर में पंचशील महिला मंडल द्वारा घर.घर मंगलाचार का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दिनेश अंकित पाटनी परिवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई। भजन गायक अंकित पाटनी ने भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। समीक्षा जैन, सिंपल जैन, श्वेता जैन, आयुषी जैन, अर्वोतिका जैन और निधि जैन ने भक्ति नृत्य कर मंगलाचरण की प्रस्तुति दी। पंचशील नगर इकाई अध्यक्ष प्रीति गदिया ने बताया कि कार्यक्रम में राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला की भूमिका कल्पना जैन और शिखा जैन द्वारा निभाई गई। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि राजा सिद्धार्थ और माता त्रिशला के द्वारा बहुत ही सुंदर भक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ

प्रदेश में पेयजल एवं सिंचाई जल की नहीं रहेगी कमी: खर्रा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार विकास एवं जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है...

अजमेर. कंचन केसरी

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मंगलवार को पार्क का लोकार्पण एवं सडक निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री खर्रा द्वारा अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा 142 लाख रुपये की लागत से राजा साईकिल चौराहे के समीप निर्मित पार्क का लोकार्पण किया गया। साथ ही उन्होंने 10 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले श्रीनगर रोड से जेपी नगर टेंपो स्टैंड तक मुख्य सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक अनिता भदेल के प्रयासों से क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार विकास एवं जनकल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। यह पार्क क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। इससे नागरिकों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण उपलब्ध होगा। युवा, प्रौढ़ एवं वृद्ध इसका सदुपयोग कर सेहत वर्धन करे। साथ ही पार्क की स्वच्छता, हरियाली एवं रखरखाव में अपना योगदान अवश्य देवे। राज्यमंत्री खर्रा ने पार्क के समीप स्थित अन्नपूर्णा रसोई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई में दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नागरिकों को पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन समय पर उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए इस योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत है। श्रीनगर रोड़ से जेपी नगर टेंपो स्टैण्ड तक मुख्य सडक निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी एवं सडक का दायरा बढ़ने से यातायात सुगम होगा। नाका मदार क्षेत्र को मदार रेलवे स्टेशन से जोड़ने के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य की पेयजल एवं सिंचाई जल के संकट का ईआरसीपी राम जल सेतु का शिलान्यास कर राज्य के 23 जिलों में पीने के पानी के साथ सिंचाई के लिए भी जल उपलब्ध हुआ। गुजरात सरकार जल्द माही का जल का पूर्ण उपयोग राजस्थान के लिए दे देगी। इसका जोधपुर नागौर एवं अजमेर को लाभ मिलेगा। लूणी का पानी को टनल के माध्यम से अजमेर को जल्द मिलेगा। यमुना का जल बरसात में बाढ़ के रूप में तबाही लाता है। इसका राजस्थान को मिलने से जल संकट में कमी आएगी। इसके लिए राजस्थान एवं हरियाणा सरकार संयुक्त रूप से डीपीआर तैयार कर रही है। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार कोयले की खदानों के समीप ताप विद्युत गृह निर्मित किया जाएगा। थर्मल पावर के समीप यह ताप विद्युत गृह निर्मित होने से राज्य को सस्ते में बिजली मिलेगी। बजटीय घोषणाएं धरातल पर उतरना शुरू हो चुकी है। राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनमें से 3 लाख करोड़ के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। भारत विश्व में विकसित, समृद्ध एवं सशक्त देश के रूप में स्थापित होगा। इसी क्रम में राज्य सरकार भी प्रदेश को विकसित राज्य की श्रेणी में लाने पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि गोवंश के गोबर की गैस के संयंत्र स्थापित कर पशुपालकों की आय में वृद्धि एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण का योजना अंतर्गत कार्य जारी है। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचितों को जागरूक नागरिक सहायता कर लाभान्वित करवाए। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में विधायक द्वारा अवगत करवाए। अपने प्रदेश, शहर एवं क्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने में सभी सहभागिता निभाएं। सरकार द्वारा नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ये कार्य उसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। विधायक अनीता भदेल ने केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी से आग्रह कर कहा कि मदार रेलवे स्टेशन नाका मदार क्षेत्र से जुड़ता है। इसका विकास सैटेलाइट स्टेशन के रूप में किया जाना चाहिए। मदार क्षेत्र को स्टेशन से जोड़ने के लिए भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता है। इससे क्षेत्र का विकास होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 63 लाख रुपए की लागत से नालियों का निर्माण किया गया है।

25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए: चौधरी

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 51 लाख की राशि की स्वीकृति जारी की गई है। विकास की दृष्टि से आगामी कालखंड महत्वपूर्ण रहेगा। 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए है, उन्होंने कहा कि पीएम आवास, जल जीवन मिशन, मुफ्त दवा जैसी अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक वर्ग, महिला, युवा, किसान, मजदूर के उत्थान लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अजमेर के रेलवे स्टेशन को 500 करोड़ रुपए की लागत 10 मंजिला बनाया जाएगा। दौराई से उत्तराखंड के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध है। गांधीनगर जयपुर स्टेशन के तर्ज पर मदार स्टेशन को भी सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा।

संत शिरोमणि नामदेव महाराज के जन्मोत्सव पर समाजसेवी व भामाशाह सहित पत्रकार हुए सम्मानित

जोधपुर. कंचन केसरी

सिंधी समाज ने संत नामदेव महाराज 79 वां वार्षिक महोत्सव मंगलवार को पूरे हर्ष और परंपरा के साथ मनाया। सिंधी कॉलोनी, शास्त्रीनगर स्थित नामदेव मंदिर में सुबह ध्वजारोहण एवं पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद मंघाराम खेतानी कॉम्पलेक्स जोधपुर अस्पताल के पीछे मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज को सेवाएं देने वाले समाजसेवी, पत्रकार एवं भामाशाहों को सम्मानित किया गया, इससे पहले जलजोग सर्किल के पास संत नामदेव स्मारक पर पुष्प से सजावट कर जयकारे लगाए गए। आयोजन समिति के संयोजक भरत आवतानी ने कहा कि मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मथा टेकने आए। यहां माँदर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। इस मौके पंडित संजय शर्मा का सानिध्य और आशीर्वाद रहा। मुख्य कार्यक्रम और सम्मान समारोह में राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, विधायक देवेन्द्र जोशी, अतुल भंसाली बीजेपी अध्यक्ष, राजेन्द्र पालीवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश जोशी, कमलेश पुरोहित, राजेन्द्र बोराणा पूर्व न्यासी, प्रेमबदानी, प्रभु भाई, हरीश कारवानी, राम तोलानी पार्षद सुनील संभवानी, ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण खेतानी की देखरेख में समाज में उल्लेखनीय कार्य सेवा करने वालों का श्रीफल, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इनका हुआ सम्मान

हर वर्ष की तरह इस साल भी सिन्धु समाज रत्न प्रदीप कोटवानी को दिया गया। संत नामदेव रत्न राजकुमार माखीजा, निस्वार्थ सम्मान काजल मूलचंदानी, सेवा सम्मान दीपक मोहनानी, गिरीश चंदानी को सम्मानित किया गया। इसी के साथ महिला मंडल की पूनम मोतियानी को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार सिंधी समाज के वरिष्ठ पत्रकार के डी इसरानी, फोटोग्राफर नारायण खटवानी और नंदलाल राणे के साथ समाजसेवी और भामाशाह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी गोपी भाई जनवाणी, लखु भाई किशनानी, तीरथ दोदवानी, सुनील मेरचंदानी, कैलाश थावानी, प्रभु गंगवानी, प्रदीप वरदानी सहित कई संस्थाओं के प्रमुख उपस्थित थे।

सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, फूंका पुतला

नेता प्रतिपक्ष पर टिप्पणी को लेकर नाराज कांग्रेस ने सरकार के विरोध में लगाए नारे

बीकानेर. कासं

भाजपा से मंगलवार को निष्कासित हुए नेता ज्ञानदेव आहूजा की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर की गई टिप्पणी के विरोध में शहर-देहात कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। भरी दोपहर में एक बजे कांग्रेस कार्यकर्ता अंबेडकर सर्किल पर एकजुट हुए। ज्ञानदेव आहूजा समेत भाजपा सरकार का पुतला फूंका। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि संविधान नहीं होता तो सोचिए भाजपा के लोग क्या करते। लोकतंत्र और संविधान में भाजपा के लोगों का विश्वास नहीं है। भाजपा की सोच हमेशा दलित और अल्पसंख्यक विरोधी रही है। शहर अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि आहूजा पीएम मोदी के चहेते हैं। भाजपा को दलित विरोधी मानसिकता पर माफी मांगनी चाहिए। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने कांग्रेस 36 कौम की पार्टी है। विविधता में एकता वाली पार्टी है मगर जो राष्ट्र की बात करने वालों का चेहरा सामने आ गया। प्रदर्शन में पीसीसी के गजेन्द्र सिंह सांखला, सुषमा बारूपाल, ओम लोहिया, गजानंद शर्मा, देहात कांग्रेस से अंबाराम इणखिया, ओमप्रकाश मेघवाल, सीताराम डूडी, मनोज व्यास, प्रहलाद सिंह मार्शल, शहर कांग्रेस से शर्मिला पंचारिया आदि मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

विभागीय कार्यों व योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन कर समस्त पात्र व्यक्तियों को करें लाभान्वित: जिला कलक्टर

भीलवाड़ा. कंचन केसरी। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि अधिकारी विभागीय कार्यों व योजनाओं का प्रभावी व बेहतर क्रियान्वयन कर समस्त पात्र व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कराए। जिला कलक्टर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। जिला कलक्टर ने विभागीय कार्यों व योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए ई-फाइल व ई-डाक की पेंडेंसी कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग, नगर विकास न्यास, पंचायती राज के ज्यादा लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर ई-फाइल व ई-डाक के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं के विभागों में बेहतर कार्य करने वाले अधीनस्थ कार्मिकों के सम्मान हेतु मुख्य निष्पादन संकेतक मानकों के अनुसार छटनी करें जिससे कि बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विभाग के कार्यों में आ रही समस्याओं की जानकारी ली व त्वरित समाधान किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी प्रतिभा देवठिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमन लाल, जिला सांख्यिकी अधिकारी सोनल राज सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालय: एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (वेस्ट), मुंबई-400013 तथा रिटेल पोर्टफोलियो
मैनेजमेंट के रूप में इसका एक अन्य कार्यालय: एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, आई-थिंक टेक्नो कैम्पस, कंजूरमार्ग (ईस्ट), मुम्बई - 400042

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में बंधक रखी प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (''बैंक'') के निम्न वर्णित कर्जदारों को एतद्वारा प्रतिभूतियों के ऐवज में ऋण/ओवरड्राफ्ट प्रकार की क्रेडिट सुविधाएं प्राप्त करने के लिए बैंक में बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में अधिसूचित किया जाता है।

कर्जदारों द्वारा सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशियों के प्रतिभुगतान में लगातार चूक किए जाने के कारण नीचे वर्णित ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन कर्जदारों को एकाधिक सूचनाएं जारी की हैं, जिनमें निम्नवर्णित तिथि को अंतिम बिक्री सूचना शामिल है, जिसके द्वारा बैंक ने बंधक रद्द कर दिया था और कर्जदार को नीचे वर्णित खातों में पूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिन का समय दिया था, जिसमें असफल रहने पर, बैंक इस संबंध में आगे और कोई सूचना दिए बिना बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री करने हेतु स्वतंत्र होगा।

कर्जदारों ने सूचना की अनदेखी की है और बकाया राशि चुकाने में असफल रहे हैं, अतएव, बैंक ने बंधककर्ता के रूप में ऋण अनुबंध के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, बैंक द्वारा कर्जदारों से बकाया की वसूली के लिए **16 अप्रेल, 2025** को अथवा पश्चात प्रतिभूतियों की बिक्री/निपटान करने का निर्णय किया है। कर्जदारों को यह भी अधिसूचित किया जाता है कि यदि किसी भी समय, बंधक प्रतिभूतियों के मूल्य में स्टॉक मार्किट के उतार-चढ़ाव के कारण और गिरावट आती है तथा बैंक वसूली मांग राशि में और कमी पैदा होती है, तो बैंक अपने विवेक के आधार पर बंधक प्रतिभूति की बिक्री एक (1) कलैण्डर दिवस के भीतर बेच देगा, जिसके लिए इस संबंध में अलग से कोई सूचना नहीं दी जाएगी। कर्जदार बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के समायोजन के पश्चात बकाया रह जाने वाली किसी भी राशि के प्रतिभुगतान के जिम्मेदार रहेगा/रहेंगे।

क्र. सं	ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	बकाया राशि 06-अप्रेल-2025 तक	बिक्री सूचना की तिथी
1	XXXX0131	विमल शिवनानी	6,537.74	07-04-2025
2	XXXX0261	विनोद कुमार डंगायच	2,65,346.52	07-04-2025
3	XXXX0271	सुरेश चंद डंगायच	12,91,202.65	07-04-2025
4	XXXX5573	साहिल जैन	1,35,126.00	07-04-2025
5	XXXX9481	जसप्रीत कौर	20,19,895.00	07-04-2025
6	XXXX0438	सुरेश कुमार सोनी	10,08,588.86	07-04-2025
7	XXXX4755	महेश कुमार चौधरी	73,717.48	07-04-2025
8	XXXX6284	त्रिलोक चित्रा	5,84,522.84	07-04-2025
9	XXXX5767	रोहित राव होलकर	2,11,843.00	07-04-2025
10	XXXX3118	बाबुलाल भूरा राम	83,588.01	07-04-2025
11	XXXX6186	श्रीदास गर्ग	2,37,846.70	07-04-2025
12	XXXX6578	मलिका चौरसिया	34,288.00	07-04-2025
13	XXXX9634	प्रतिभा सिंह गहलोत	10,00,978.80	07-04-2025
14	XXXX6429	ओम प्रकाश सारण	53,101.82	07-04-2025
15	XXXX9201	संजय कसात	3,05,045.50	07-04-2025
16	XXXX7790	अमन बाहेती	82,706.00	07-04-2025
17	XXXX1474	मनोज कुमार कावरा	2,43,785.81	07-04-2025
18	XXXX0650	पृथ्वी राज चौहान	1,87,654.17	07-04-2025
19	XXXX8714	गीता देवी	2,00,690.00	07-04-2025
20	XXXX0785	विकास साबू	7,65,793.77	07-04-2025
21	XXXX2171	निशांत शर्मा	1,103.53	07-04-2025
22	XXXX7508	माया माहिल	823.00	07-04-2025
23	XXXX7811	मोहन सिंह	4,37,930.82	07-04-2025
24	XXXX1228	रविन्द्र कुमार	46,225.82	07-04-2025
25	XXXX2041	पल्लवी भार्गव	98,27,975.82	07-04-2025
26	XXXX5992	रितेश जोसफ	55,503.00	07-04-2025
27	XXXX3375	रचना नारानिवाल	51,584.54	07-04-2025
28	XXXX7916	नीतू गौर	9,05,380.72	07-04-2025
29	XXXX3413	चिनमय जैन	3,40,567.52	07-04-2025

तिथि: 09-04-2025
स्थान: राजस्थान
हस्ता./-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

ख्वाजा साहब की दरगाह में मंदिर विवाद मामला

अजमेर कोर्ट में याचिका की सुनवाई पर रोक लगाने की मांग

अंजुमन सैयदजादगान ने हाईकोर्ट में लगाई रिट

अजमेर. कंचन केसरी

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका अजमेर कोर्ट में याचिका की सुनवाई पर रोक लगाने को लेकर खादिमों की संस्था अंजुमन सैयदजादगान की ओर से हाईकोर्ट में एक रिट पेश की है। उल्लेखनीय है कि दरगाह में मंदिर विवाद मामले पर अजमेर कोर्ट में 19 अप्रैल को सुनवाई होनी है। ख्वाजा साहब की दरगाह के खादिमों की संस्था अंजुमन सैयदजादान के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने बताया कि हाईकोर्ट में यह रिट सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजमेर पश्चिम अदालत द्वारा सिविल वाद 66/2024 (437/2024) भगवान श्री संकटमोचन महादेव विराजमान बनाम दरगाह समिति के आदेश के विरुद्ध पेश की गई है। याचिकाकर्ता चिश्ती ने बताया कि दरगाह ख्वाजा साहब अधिनियम 1955 में दरगाह शरीफ में धार्मिक समारोह से संबंधित किसी भी विवाद पर निर्णय लेने पर सिविल न्यायालयों पर प्रतिबंध लगाया गया है, ऐसे में सुनवाई का अधिकार नहीं है, जिस पर सुनवाई पर रोक लगाई जाए।

19 अप्रैल को होगी सुनवाई: ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती दरगाह परिसर को भगवान संकट मोचन महादेव विराजमान मंदिर बताने की मांग को लेकर हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने 23 सितंबर को अजमेर कोर्ट में वाद दायर किया था। याचिका में दरगाह कमेटी व अल्पसंख्यक मंत्रालय एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को पार्टी बनाया गया है। गत जनवरी माह में हुई सुनवाई में दरगाह कमेटी ने कोर्ट से समय मांगा था। याचिका में दरगाह कमेटी ने कहा था कि वादी की ओर से लगाई गई याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

उदयपुर में प्लास्टिक के शोरूम में लगी आग

तेज लपटें और धुएं का गुबार उठा, करीब 80 लाख रुपए का हुआ नुकसान

उदयपुर. कासं

उदयपुर के सुखेर थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक प्लास्टिक के सामान के शोरूम में अचानक आग लग गई। शोरूम खोलने के कुछ ही मिनट बाद आग लग गई, जो धीरे-धीरे बेकाबू होती गई। तेज लपटें और धुएं का गुबार देख आस-पास लोगों की बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट रूप से पता नहीं लगा है। स्मार्ट शॉपी नाम के शोरूम में प्लास्टिक के टेबल, कुर्सी सहित बर्तन आदि सामान बेचे जाते हैं। शोरूम में रखा सामान जलकर राख हो गया। ऐसे में लाखों रुपए का भारी नुकसान हुआ है। दुकान मालिक मोहनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि शॉर्ट सर्किट होने से आग शोरूम के पीछे गोदाम में लगी थी। स्टाफ

को जब पता लगा तो उन्होंने फायर फाइटिंग सिस्टम से आग बुझाने की कोशिश की। लेकिन धीरे-धीरे आग बेकाबू होते हुए फैलती गई। जिसके बाद स्टाफ ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। दुकान में लगभग सारा माल जलकर राख हो गया। इसमें हैंडीक्रॉफ्ट, बच्चों के खिलौने, रसोई का सामान, कुर्सी-टेबल आदि चीजें थीं। दुकान मालिक ने बताया कि इस घटना में करीब 80 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

जना स्मॉल फाइनैंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)

पंजीकृत कार्यालय: दि फेयरवे, भू तल एवं प्रथम तल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क से सटा, चाल्लाघट्टा, बेंगलुरू-560071 **शाखा कार्यालय:** जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रवर्तन अधिनियम (सरफासी ऐक्ट), 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं 9 के परंतुक के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

अधोहस्ताक्षरी ने **जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, सरफासी ऐक्ट की धारा 13(4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों का कब्जा ले लिया है। एतद्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदारों को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए निम्नवर्णित खाते में बंधक सम्पत्ति की ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) यहां नीचे निर्धारित तिथि को की जाएगी।

क्र. सं.	ऋण खाता संख्या	मूल कर्जदार/सह- कर्जदार /गारंटर का नाम	13-2 सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि	वर्तमान बकाया राशि 07-04-2025 तक	सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	सुरक्षित मूल्य भारतीय रूपए में	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रूपए में	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	बोली प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि, समय और स्थान
1	46759430000659 & 46759410000261	1) श्री हरकेश, पुत्र रति राम (आवेदक), 2) श्रीमती सुमन, पत्नी श्री हरकेश (सह-आवेदक)	01.10.2024	13.02.2025	रुपए 28,83,451.90/- (रुपए अठाईस लाख तिरासी हजार चार सौ इक्यावन व नब्बे पैसे मात्र)	01.05.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अप. 02:00 बजे तक	रुपए 15,20,000/- (रुपए पंद्रह लाख बीस हजार मात्र)	रुपए 1,52,000/- (रुपए एक लाख बावन हजार मात्र)	15.05.2025 @ पूर्वा. 11:00 बजे	14-05-2025 अप. 05.00 से पूर्व जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड शाखा कार्यालय पता: जी-2, भू तल, ग्रीन हाऊस, प्लॉट नंबर ओ-15, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण: समस्त अंश व खंड: अचल संपत्ति कॉमर्शियल स्पेस यूनिट नंबर एफएफ-65, प्रथम तल, प्लॉट नंबर सीसी-1, कैपिटल गैलेरिया, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, नीमराणा, अलवर, राजस्थान-301706, परिमाप 190.46 वर्ग फीट (कारपेट एरिया 172.12 वर्ग फीट) बिना छत अधिकारों के। **श्री हरकेश पुत्र रति राम द्वारा स्वाधिकृत। सीमाबद्ध: पूरब:** गलियारा, **पश्चिम:** यूनिट नंबर एफएफ-52, उत्तर: गलियारा, **दक्षिण:** यूनिट नंबर एफएफ-64

सम्पत्तियां ''**जैसी है जहां है आधार**'' तथा ''**जो है जैसी है आधार**'' पर ई-नीलामी 'ऑनलाइन'' संचालित की जाएगी। नीलामी का संचालन बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** द्वारा वेबपोर्टल **https://bankauctions.in & www.foreclosureindia.com** पर किया जाएगा। अधिक जानकारी, सहायता, ई-नीलामी प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण, के लिए संभावित बोलीदाता **मैसर्स 4 क्लोज़र** से सम्पर्क कर सकते हैं; **सम्पर्क श्री उत्कर्ष अदेश, सम्पर्क नंबर: 9515160064** ई-मेल आईडी: **info@bankauctions.in / adesh@bankauctions.in**

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नियमों एवं शर्तों के अतिरिक्त विवरण के लिए तथा सम्पत्ति के संबंध में पूछताछ के लिए कृपया **जना स्माल फाइनैंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें श्री अनुराग शुक्ला (मो. 8090655550), श्री रंजन नाइक (मो. 6362951653),** प्राधिकृत अधिकारी के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान और जानकारी के अनुसार सम्पत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। तथापि इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली देने से पहले सम्पत्ति पर ऋणभारों तथा स्वामित्व के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच स्वयं कर लेनी चाहिए। सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह सूचना उपरोक्त नामक कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को बंधक सम्पत्तियों हेतु अनुसूचित ई-नीलामी के बारे में नोटिस भी है। कर्जदारों/गारंटरों/बंधकदाताओं को एतद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि उपरिवर्णित राशि का भुगतान अद्यतन ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों के साथ नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेच दी जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज एवं लागत के साथ वसूल की जाएगी।

तिथि: 09-04-2025 **स्थान: राजस्थान** **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनैंस बैंक लिमिटेड**